कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–5, मई 2014

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545




## अमृतसर में कामधेनु डीलर मीट

भारत में निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में शामिल कामधेनु इस्पात लि0 के उत्पाद देश भर में भरोसे और उच्च गुणवत्ता का पर्याय बन चुके हैं। आज कामधेनु इस्पात लि0 टीएमटी सरियों के सबसे बड़ी निर्माता कंपनियों में से एक है जिसका डीलर नेटवर्क देश के कोने–कोने तक फैला है। देश के कोने–कोने में आज कामधेनु उत्पादों की मॉग तेजी से बढ़ रही है।

पंजाब में कामधेनु उत्पादों की लोकप्रियता के कारण राज्य के कामधेनु डीलरों को तेज गति से व्यावसायिक बढ़त का लाभ मिल रहा है। पंजाब के बाज़ार में अपनी उपस्थिति को और मज़बूत करने तथा डीलरों को प्रोत्साहित करने की दिशा में कंपनी का मार्केटिंग डिवीजन लगातार डीलरों के साथ बैठकों का आयोजन करता रहता है।

इसी दिशा में 9 और 10 मई को अमृतसर के रैडिसन होटल में में राज्य भर के डीलरों के एक बड़े डीलर मीट का शानदार आयोजन हुआ जिसमें राज्य के 250 से अधिक डीलर उपस्थित हुये। इस डीलर मीट में कामधेनु इस्पात लि0 के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल एवं सीनियर जी एम मार्केटिंग श्री वी के गहलौत शामिल हुये। पंजाब में लाइसेंस यूजर एग्रीमेंट के तहत कामधेनु टीएमटी सरियों की निर्माता कंपनियों से श्री रमेश गोयल, निदेशक, रसिक इंडस्ट्रीज एवं श्री विजय बंसल, निदेशक, बंसल इस्पात उद्योग ने भी शिरकत किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डीलरों को संबोधित करते हुये कामधेनु इस्पात लि0 के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''राज्य में कामधेनु को लगातार मिल रही सफलता का श्रेय आप सभी डीलरों की कड़ी मेहनत को जाता है। पंजाब के लोगों की खासियत है कि वे कभी हिम्मत नहीं हारते और कठिन से कठिन लक्ष्य को पाने के लिये पूरा जोर लगा देते हैं। हमें आगे भी पूरी ताक़त से काम करना है और आगे बढ़ते जाना है।''




सीनियर जी एम मार्केटिंग श्री वी के गहलौत ने डीलरों को नई बाज़ार रण–नीतियों की जानकारी दी और नये लक्ष्य के बारे में बताया। कंपनी की ओर से डीलरों को लक्ष्य पाने की दिशा में सभी जरूरी मदद देने का भी भरोसा दिया गया। पिछले वित्तवर्ष में सर्वाधिक लक्ष्य पाने में सफल रहे डीलरों को बेस्ट डीलर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# स्थिर सरकार के लिये जनादेश



सोलहवीं लोकसभा के चुनाव में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की जीत एक ऐतिहासिक घटना है। जहाँ एक ओर यह भाजपा की सबसे बड़ी जीत साबित हुई है, वहीं भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार कोई गैरकांग्रेसी पार्टी अपने दम पर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर पाई है। भारतीय मतदाताओं ने 1984 के चुनाव के 30 साल बाद स्पष्ट जनादेश देते हुये एक स्थिर सरकार का रास्ता साफ कर दिया है। गौरतलब है कि 1984 में इंदिरा गाँधी की हत्या की पृष्ठभूमि में कांग्रेस को सहानुभूति लहर के चलते आशातीत सफलता मिली थी। वहीं इस बार मतदाताओं ने पिछली सरकार के प्रति घोर नाराज़गी दिखाते हुये परिवर्तन के लिये जनादेश दिया है।

44 सांसदों के अपने न्यूनतम ऑकड़े पर पहुँच गई कांग्रेस की हार से साफ संकेत मिलता है कि जनता उसके कामकाज से किस क़दर नाराज़ थी। वहीं अपने बलबूते पर 282 सीटों के साथ भाजपा पर सरकार चलाने के लिये गठबंधन सहयोगियों का दबाव झेलने की मज़बूरी नहीं है। ऐसे में यह आशा करना ग़लत नहीं होगा कि नई सरकार अच्छे काम और आचरण से मतदाताओं के फैसले का सम्मान करेगी।



# सेंसेक्स में अभूतपूर्व उछाल

लोकसभा चुनाव में श्री नरेन्द्र मोदी की अगुआई में एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिलने के रूझानों के बीच भारतीय शेयर बाज़ार ने ऐतिहासिक ऊँचाई छू ली। केंद्र में मज़बूत सरकार के गठन के संकेंतों से बने जोशीले माहौल में 16 मई को मतगणणा के दिन, बीएसई सेंसेक्स पहली बार 25 हज़ार के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर 25,375.6 अंको की रिकॉर्ड ऊँचाई तक गया। एनएसई निफ्टी भी 7,500 के स्तर को पार कर अब तक के सर्वाधिक 7,563.5 अंक पर पहुँच गया। साथ ही इस दिन भारतीय रूपया भी डालर के मुक़ाबले 11 माह की अपनी अधिकतम ऊँचाई पर पहुँचा।

दरअसल 10 मई को मतदान की समाप्ति के बाद के एक्ज़िट पोल में एनडीए के पक्ष में रूझान के नतीजे आने के बाद से ही बाज़ार में उत्साह का वातावरण बनना शुरू हो गया। जिसके फलस्वरूप 12 मई सोमवार को शेयर बाज़ार ने 24,068.94 का रिकार्ड बना लिया था। लगातार तेजी का रूख बनाये हुये बाज़ार और देश में छाये आशावादी वातावरण को देखते हुये भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बारिश कम होने की आशंका



विगत वर्ष 2013 में जहाँ हमारे देश में सामान्य से अधिक, लगभग 106 प्रतिशत बारिश हुई थी वहीं भारतीय मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार इस साल बारिश सामान्य से कम हो सकती है। भारतीय मौसम विभाग की यह भविष्यवाणी विश्व मौसम संघ के अनुमानों से भी मेल खा रही है जिनमें भारत सहित दक्षिणी एशिया क्षेत्र में कम बारिश की संभावना जताई गई हैं।

ऐसी स्थिति में जब देश मँहगाई और मंदी की चपेट में है, कम बारिश की संभावना ने अर्थशास्त्रियों को चिन्ता में डाल दिया है। गौरतलब है कि भारत में आधे से अधिक इलाक़ों के खेत सिंचाई के लिये बारिश पर निर्भर हैं। साथ ही भारत की जीडीपी का 20 प्रतिशत कृषि उत्पादन पर निर्भर है।

छिटपुट बारिश का असर चावल, सोयाबीन, मक्के और कपास के उत्पादन पर पड़ सकता है। ख़राब उपज पिछले दो वर्षों से सुस्त होती जा रही विकास की रफ्तार पर और भी बुरा असर डाल सकती है। साथ ही खाद्य मँहगाई की दर भी वर्तमान की 9 प्रतिशत ऊँचाई से और भी ऊपर जा सकती है और चीनी, दालें, चावल और खाद्य तेल की कीमत में बढ़त देखने को मिल सकती है।




# मध्य प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड समय–समय पर निर्माण उद्योग से जुड़े लोगों को जागरुक बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। इसी कड़ी में कंपनी ने हाल में ही मध्य प्रदेश के भींड में मैसन मीट का आयोजन किया।

इस मैसन मीट में भींड जिले के करीब 120 राजमिस्त्रियों और ठेकेदारों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को भींड में कामधेनु के डीलर मेसर्स बी एस इन्टरप्राइज़ेज के श्री मनीष लोहिया के सहयोग से आयोजित किया गया। कामधेनु के ग्वालियर डिस्ट्रीब्यूटर श्री साकेत सोमानी ने भी इस डीलर मीट में शिरकत की।

भींड की इस मैसन मीट में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के मैनेजर मार्केटिंग श्री समीर गुप्ता ने कंपनी का प्रतिनिधित्व किया। श्री समीर गुप्ता ने ने मैसन मीट को संबोधित करते हुए कहा कि कामधेनु इस्पात लि0 अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर सबसे ज्यादा ध्यान देती है। अपनी बात को स्पष्टता से रखते हुये उन्होने बताया, ''बेहतरीन गुणवत्ता की वजह से कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पादों का इस्तेमाल फ्लाईओवर, बाँध, राजमार्ग जैसी बड़ी परियोजनाओं में किया जा रहा है। कामधेनु के उत्पाद इंजीनियरों की पहली पसंद बन गए हैं।''

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ठेकेदारों और राजमिस्त्रियों को कंपनी से जुड़ी जानकारी दी गई और कामधेनु उत्पादों की बेमिसाल गुणवत्ता के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें कंपनी की तकनीकी क्षमता और उत्पादों की निर्माण प्रणाली पर आधारित फिल्म भी दिखाया गया। स्थानीय डीलर की तारीफ करते हुए श्री समीर गुप्ता ने कहा कि वह अच्छा काम कर रहे हैं और थोड़े ही समय में उन्होंने काफी कामयाबी पा ली है। अगर वे इसी तरह लगन से काम करते रहे तो ज़िले में कामधेनु की बाज़ार हिस्सेदारी और बढ़ सकती है।

उपस्थित ठेकेदारों और राजमिस्त्रियों ने कार्यक्रम के दौरान कामधेनु उत्पादों के निर्माण तकनीक और उनकी गुणवत्ता से जुड़े कई सवाल किये जिनका ग्वालियर डिस्ट्रीब्यूटर श्री साकेत सोमानी ने अच्छी तरह समझा कर उत्तर दिया। कामधेनु उत्पादों की गुणवत्ता और फायदे जानकर उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक इसके उपयोग को बढ़ावा देने की बात की और कामधेनु उत्पादों को काफी सराहा।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री के. लमीकांत
**मैसर्स सोनू हार्डवेयर एण्ड इलेक्ट्रीकल**
मेन रोड, खामतारी श्रीनगर रायपुर
मो. – 09300922021

श्री हरदीप सिंह सलूजा
**मैसर्स सलूजा पेन्ट्स एण्ड प्लाई**
मेन रोड, कवारधा
मो. – 07741232371

श्री रविन्द्र सिंह
**मैसर्स रवीन्द्र हार्डवेयर**
मेन रोड, केशकल
जिला – कांकेर
मो. – 09993194895

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.05.2014



# उदयपुर में हुआ गुजरात डीलर मीट




कारपोरेट सिद्धांतों पर आधारित होकर तेज गति से आगे बढ़ रही कंपनी, कामधेनु इस्पात लि0 आज भारत के कोने–कोने में सशक्त उपस्थिति दर्ज करते हुए विभिन्न तरह के सफल व्यापारिक उपक्रमों का प्रतिनिधित्व कर रही है, जो मुख्य रूप से आधारभूत ढ़ाँचे और निर्माण क्षेत्र से जुड़े है; जैसे कि टी एम टी सरिया, स्ट्रक्चरल स्टील, सजावटी पेंट, पीवीसी पाइप और प्लाईवुड आदि। विगत वर्षो में कामधेनु इस्पात लि0 आधारभूत ढ़ाँचा क्षेत्र में देश की अग्रणी कंपनी बन गई है और आज यह भारत के सबसे बड़े टीएमटी उत्पादक कंपनियों में से एक है।

कामधेनु इस्पात लि0 का प्रीमियम उत्पाद KAMDHENU SS 10000 देश का पहला और एकमात्र उत्पाद है जिसमें है दो का दम। उच्च स्तरीय प्राइम बिलेट से अंतर्राष्ट्रीय तकनीक द्वारा निर्मित KAMDHENU SS 10000 में हैं अनूठे डबल रिब्स जो कंक्रीट पर 254 प्रतिशत अधिक मज़बूत पकड़ बनाते हैं।


गुजरात में तेज गति से हो रहे ढॉचागत विकास और निर्माण कार्य की वज़ह से यह राज्य उच्च स्तरीय निर्माण सामग्री का एक बड़ा बाज़ार है। गुजरात के बाज़ार में KAMDHENU SS 10000 की उपस्थिति को मज़बूत करने तथा डीलरों को प्रोत्साहित करने की दिशा में कंपनी ने राज्य के सभी डीलरों की मीट का आयोजन किया।

16 और 17 मई को गुजरात के डीलरों की इस मीट का आयोजन झीलों के शहर उदयपुर के खुशगवार माहौल में किया गया। होटल रैडिसन ब्लू में आयोजित इस डीलर मीट में गुजरात भर से 300 से अधिक डीलर उपस्थित हुये। कार्यकम में कामधेनु इस्पात लि0 के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल तथा जी एम मार्केटिंग श्री सुशील चौधरी के अतिरिक्त लाइसेंस यूजर एग्रीमेंट के तहत राज्य में कामधेनु टीएमटी की निर्माता कंपनी सोमेश्वर इस्पात प्रा0 लि0 के सीएमडी श्री योगेश भाई पटेल, निदेशक श्री मुकेश भाई पटेल एवं निदेशक श्री राकेश भाई पटेल ने भी शिरकत किया। राज्य में लाइसेंस यूजर एग्रीमेंट के तहत राज्य में कामधेनु टीएमटी की निर्माता कंपनी एच के इस्पात प्रा0 लि0 के निदेशक श्री इरफान कोठी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

उपस्थित डीलरों को संबोधित करते हुये कामधेनु इस्पात लि0 के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने पिछले वित्तवर्ष के दौरान कड़ी मेहनत और अच्छे प्रदर्शन के लिये डीलरों को धन्यवाद दिया। उन्होंने डीलरों को उत्साहित करते हुये कहा, ''बेहतर होती विकास गति को देखते हुये वर्तमान वित्तवर्ष में हमें और भी बेहतर परिणाम प्राप्त करने का लक्ष्य रखना है।'' KAMDHENU SS 10000 के बारे में बताते हुये श्री अग्रवाल ने कहा, ''यह एक अनूठा उत्पाद है जो आज की निर्माण ज़रूरत को ध्यान में रख कर बनाया गया है। अपनी जबरदस्त मज़बूती और भूकंपरोधी क्षमता के कारण KAMDHENU SS 10000 बेहतर निर्माण की पहचान बन चुका है।''



कार्यक्रम के KAMDHENU SS 10000 की तकनीकी विशेषताओं पर एक प्रजेंटेशन दिया गया और डीलरों को अधिक से अधिक बेहतर प्रदर्शन के लिये कंपनी की ओर सभी जरूरी मदद का भरोसा दिया गया। कार्यक्रम में सुपर डीलर एवार्ड के विजेता डीलरों को ईनाम भी दिये गये। अमर हार्डवेयर स्टोर, भलसाड़ को पहला, कृष्णा स्टील, राजकोट को दूसरा तथा जय भारत स्टील एजेंसी, मेहसाना को तीसरा पुरस्कार मिला।




Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com